



# शराबखोरी में युवक की पीट-पीट कर हत्या

## गोरबी चौकी के नौढ़िया गांव की घटना, शव को सड़क पर रखकर किया चक्काजाम

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 23 जनवरी । गोरबी चौकी के समीपी नौढ़िया गांव में बीते दिन गुरूवार की शाम आपस में शराबखोरी हुई और यहीं से बात बिगड़ी की शराबियों ने एक युवक की पीट-पीट कर अधमरा करके हुये झाड़ी में फेंक दिया था। जहां घायल को उपचार के लिए बैढ़न के सिंगरौली हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।**

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नौढ़िया निवासी संजय कुमार केवट पिता बबईलाल केवट उम्र 22 वर्ष बीते दिन गुरूवार की शाम अपने साथियों के साथ बैठक कर शराब पिया था। शराब पीने वाले कौन हैं, इसकी जानकारी नहीं हो पाई है। चर्चा है कि यहीं शराबखोरों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जहां संजय कुमार की जमकर पिटाई करते हुये अधमरा अवस्था में झाड़ी में ले जाकर फेंक दिया। किसी राहगीर का नजर पड़ी तो, इसकी जानकारी संजय के परिजनों को दी। घायल अवस्था में उपचार के लिए बैढ़न स्थित सिंगरौली हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां आज दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे मौत हो गई। इस घटना के बाद मृतक के परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद गोरबी पुलिस चौकी के सामने शव को रख चक्काजाम शुरू कर दिया। इस दौरान प्रभारी एसडीओपी राहुल सैयाम, चौकी प्रभारी गोरबी आईडी सिंह, एएसआई पिंटू राय समेत मोरवा पुलिस पहुंच लोगों को समझाइश देते हुये आरोपियों को शीघ्र पकड़ने का आश्वासन दिये, इसके बाद मामला शांत हुआ। करीब एक घंटे तक चक्काजाम चला है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध हत्या का मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश में लग गई है।

# अग्नि को साक्षी मानकर 55 जोड़ों ने लिए सात फेरे

## विधायक, महापौर, ननि अध्यक्ष ने जोड़ों पर पुष्प वर्षा कर दिया आशीर्वाद, अटल सामुदायिक भवन में हुआ आयोजन



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 23 जनवरी । अटल सामुदायिक भवन बिलौंजी में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह कार्यक्रम में 57 जोड़े विवाह बंधन में बंध अपने गृहस्थ जीवन की शुरूआत की। समारोह में पूरे विधि विधान से मंत्रोच्चार के बीच नव दम्पत्तियों ने साथ फेरे लिए।**



इस अवसर पर सिंगरौली विधायक राम निवास शाह, देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम, नपानि महापौर रानी अग्रवाल, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह, एसडीएम सुरेश जाधव, ननि आयुक्त सविता प्रधान सहित उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने नव विवाहित जोड़ों पर पुष्प वर्षा के उनके गृहस्थ जीवन की मंगल कामना की। मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह निकाह समारोह में नगरीय क्षेत्र के 18 जोड़े एवं जनपद पंचायत बैढ़न क्षेत्र के 37 जोड़ो का विवाह पूरे विधि विधान से सम्पन्न हुआ। इस दौरान शहनाई की धुन एवं मंत्रोच्चारण से अटल परिसर गुंजता रहा। इस अवसर पर पार्षद संतोष शाह, ननि उपायुक्त आरपी बैस सहित वर-वधु पक्ष के माता-पिता रिश्तेदार की मौजूदगी रही।

### सामूहिक विवाह योजना सामाजिक समरसता की मिसाल : विश्वामित्र

आज दिन शुक्रवार को मंगल भवन देवसर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक कन्या विवाह/निकाह कार्यक्रम विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। माँ सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में 41 जोड़ों का बाजे गाजे के साथ, विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ विवाह संपन्न तथा 6 जोड़ों का निकाह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने विवाहित जोड़ों के ऊपर पुष्पवर्षा कर सुखमय दाम्पत्य जीवन एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि मुख्य मंत्री कन्या विवाह योजना सामाजिक समरसता की मिशाल है, इसमें जहां एक ही छत के नीचे एक तरफ जहां धूम धाम, बाजे गाजे के साथ विवाह संपन्न हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ निकाह भी संपन्न हो रहा है। आगे कहा कि जबसे केंद्र एवं प्रदेश में भाजपा सरकार आई है, कन्या विवाह, जन्म से लेकर मृत्यु के बाद अंत्येष्टि सहायता सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई है, ताकि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का समुचित विकास संभव हो सके। इस अवसर पर प्रणव पाठक अध्यक्ष जपं, केशव सिंह उपाध्यक्ष, संजीव तिवारी सीईओ,देवेंद्र द्विवेदी तहसीलदार, परशुराम तिवारी, जनपद सदस्य मालिकराम पनिका, सुमित्रा सिंह, वरुण द्विवेदी सरपंच, बबुआराम यादव, राम लौटन बैस सरपंच, बबुआराम यादव, प्राणपति शाहू अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर में

### 16 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिलाई गई शपथ



**सिंगरौली।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल के निर्देशानुसार 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस परे प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश जाधव द्वारा शपथ दिलाई गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने शपथ दिलाई कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुयें यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्णु रखते हुयें, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, सामुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुये बिना सभी निर्वाचनो में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### डी-पॉल के छात्रों ने दिया 31 सौ की सहयोग राशि



**सिंगरौली।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली के मानवीय कार्यों को सशक्त बनाने की दिशा में डी-पॉल स्कूल, विंध्यनगर के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा एक प्रेरणादायी पहल की गई। विद्यार्थियों ने आपसी सहयोग एवं स्वैच्छिक योगदान के माध्यम से 3100 की राशि एकत्रित कर रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली को दान स्वरूप प्रदान की। यह सहयोग राशि विद्यार्थियों द्वारा सामाजिक दायित्व की भावना से प्रेरित होकर एकत्रित की गई, जिसका उद्देश्य मानव सेवा, आपदा राहत, स्वास्थ्य सेवाओं तथा जरूरतमंदों की सहायता जैसे रेडक्रॉस के मानवीय कार्यों में योगदान देना रहा।

# कॉन्वेंट चौराहे पर 9वीं कक्षा के स्कूली छात्र से सरेराह बेदम मारपीट

## सरस्वती पूजा से लौट रहे छात्र को घेरकर पीटा, कानून-व्यवस्था पर उठे सवाल, कोतवाली में पहुंचा मामला

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 23 जनवरी । जिले के बैढ़न कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कॉन्वेंट चौराहे पर आज दिन शुक्रवार की दोपहर करीब 3 बजे सरेराह हुई एक सनसनीखेज घटना ने शहर की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां आधा दर्जन युवकों द्वारा एक स्कूली छात्र को घेरकर बेरहमी से मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।**



वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कुछ युवक एक स्कूली छात्र को चारों ओर से घेरकर लात-घूंसे और थप्पड़ों से पीट रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार छात्र मदद के लिए चीखता-चिल्लाता रहा, लेकिन आरोपी युवक बेखौफ होकर लगातार उसे पीटते रहे। जब आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो आरोपी मौके से फरार हो गए। सीएसपी पीएस परस्ते ने बताया कि पीड़ित छात्र सरस्वती स्कूल का विद्यार्थी है। वह स्कूल में आयोजित सरस्वती पूजा कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान बाइक सवार युवकों ने उसे रोककर मारपीट शुरू कर दी। फिलहाल मारपीट के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना का वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित छात्र की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### वायरल वीडियों से आरोपियों की पहचान की कवायद

वायरल फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। सरेराह व्यस्त चौराहे पर हुई इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि शहर के प्रमुख इलाके में इस तरह की वारदात होना दर्शाता है कि अपराधियों में पुलिस का खौफ लगातार कम होता जा रहा है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# बसंत पंचमी विद्या, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का महापर्व है : एनपी मिश्र

## बसंत पंचमी पर शिवधाम मंदिर बैढ़न में श्रद्धा का संगम

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 23 जनवरी । विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती के प्रकटोत्सव एवं ऋतु परिवर्तन के पावन पर्व वसंत पंचमी के अवसर पर शिवधाम मंदिर बैढ़न में धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन श्रद्धा, आस्था और भक्ति भाव के साथ किया गया।**

इस पावन अवसर पर मंदिर के महाप्रबंधक एवं ज्योतिषविद् पं. डॉ. एनपी मिश्र के सानिध्य में देवाधिदेव भूतभावन भगवान शिव एवं माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न हुई। वसंत पंचमी के शुभ मुहूर्त में प्रात:काल से ही श्रद्धालुओं का मंदिर परिसर में आगमन शुरू हो गया। पीले वस्त्रों से सजे भक्तों ने भगवान शिव के महामृत्युंजय स्वरूप की आराधना कर सुख, शांति एवं कल्याण की कामना की। वहीं माँ सरस्वती की विशेष पूजा कर विद्या, बुद्धि एवं विवेक की प्राप्ति के लिए प्रार्थनाएँ की गईं। मंत्रोच्चार, शंखनाद और वैदिक विधानों के बीच पूरे परिसर में आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त रहा। इस अवसर पर अनेक अभिभावकों द्वारा अपने-अपने बच्चों का विद्यारंभ एवं अक्षरारंभ संस्कार शास्त्रोक्त विधि-विधान से संपन्न कराया गया। मौके पर पं. डॉ. एनपी मिश्र ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि वसंत पंचमी केवल ऋतु परिवर्तन का पर्व नहीं, बल्कि यह विद्या, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का महापर्व है। दिनभर चले धार्मिक आयोजनों के दौरान मंदिर परिसर भक्ति, श्रद्धा और उल्लास से ओतप्रोत रहा। श्रद्धालुओं ने माँ सरस्वती से विद्या-बुद्धि तथा भगवान शिव से सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।



# `प्रशिक्षण का एसीईओ ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 23 जनवरी** । यूनियन बैंक स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का जिपं के अतिरिक्त सीईओ अरविंद डामोर द्वारा भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे महिलाओं एवं युवाओं से संवाद कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता, सीखने की प्रक्रिया एवं भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली। प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रति युवाओं एवं महिलाओं में विशेष रुचि एवं लगन देखने को मिल रही है, जिससे स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल रहा है।

# एनटीपीसी सिंगरौली में सरस्वती पूजन का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**शक्तिनगर 23 जनवरी । एनटीपीसी सिंगरौली में विद्या, ज्ञान, संगीत एवं कला की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती के पावन अवसर पर कर्मचारी विकास केंद्र एवं टाइनी टॉट्स, वनिता समाज परिसर में सरस्वती पूजन का श्रद्धापूर्वक आयोजन किया गया।**



इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, शिक्षा तथा ज्ञान की परंपरा को सुदृढ़ करते हुए नई पीढ़ी में संस्कार एवं सकारात्मक मूल्यों का संचार करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप नायक, परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रज्ञा नायक, अध्यक्षा, वनिता समाज सीएच किशोर कुमार महाप्रबंधक तथा रश्मि रंजन मोहंती महाप्रबंधक की उपस्थिति रही। पूजन कार्यक्रम विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि संदीप नायक ने अपने संदेश में कहा कि सरस्वती पूजन केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि ज्ञान, अनुशासन एवं निरंतर सीखने की प्रेरणा का प्रतीक है।

# हत्या मामले में फैसला, दोषी को आजीवन कारावास की सजा

## तृतीय अपर सत्र न्यायालय देवसर का निर्णय, दो वर्ष बाद आया इंसाफ, देवसर न्यायालय का अहम फैसला

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 23 जनवरी । जिले के थाना सरई अंतर्गत दर्ज एक जघन्य हत्या मामले में तृतीय अपर सत्र न्यायालय देवसर ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है।**



न्यायालय ने आरोपी गोपाल बैगा पिता भगवत्ता बैगा उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम साजापानी थाना सरई को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही न्यायालय ने आरोपी पर अर्थदंड भी अधिरोपित किया है। यह फैसला 22 जनवरी को न्यायाधीश विजय कुमार सोनकर द्वारा सुनाया गया। अपर लोक अभियोजक मारकण्डेय मणि त्रिपाठी के अनुसार घटना 27 से 29 अगस्त 2023 के बीच की है। फरियादी ने थाना सरई में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका छोटा भाई रंगदेव सिंह बीते कुछ दिनों से बीमार था। झाड़-फूंक कराने के बहाने उसे आरोपी गोपाल बैगा के पास ले जाया गया, जहां आरोपी द्वारा उस पर गंभीर रूप से हमला किया गया। बाद में रंगदेव सिंह का शव चरका घटिया जंगल क्षेत्र में मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर गंभीर चोट एवं अत्यधिक रक्तस्राव को मृत्यु का कारण बताया गया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि यह प्राकृतिक नहीं बल्कि हत्या का मामला है। पुलिस द्वारा विवेचना की गई। जांच के दौरान घटनास्थल से खून लगी मिट्टी, सादी मिट्टी जप्त की गई तथा गवाहों के कथन दर्ज किए गए। अभियोजन पक्ष ने न्यायालय के समक्ष ठोस साक्ष्य, चिकित्सकीय रिपोर्ट एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिससे आरोपी की संलिप्तता सिद्ध हुई। न्यायालय ने यह भी माना कि आरोपी द्वारा अंधविश्वास के चलते गंभीर अपराध कारित किया गया। न्यायालय ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302/34 के तहत आजीवन कारावास एवं 5 हजार रुपये अर्थदंड, वहीं धारा 201 के तहत 3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2 हजार 500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। साथ ही न्यायालय ने आरोपी के विरुद्ध सजा वारंट जारी कर उसे जिला जेल भेजने के निर्देश दिए हैं।

# विंध्याचल में मनी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती



नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 23 जनवरी । एनटीपीसी विंध्याचल में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती आज दिन शुक्रवार को श्रद्धा, सम्मान एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाई गई।**


इस अवसर पर लेक पार्क परिसर में एक स्मरणीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नेताजी के अदम्य साहस, राष्ट्रप्रेम और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया गया। इस अवसर पर संजीब कुमार साहा परियोजना प्रमुख, एजे राजकुमार महाप्रबंधक, एम सुरेश , एसके सिन्हा , डॉ. बीके भराली, देबब्रत त्रिपाठी, रुमा दे शर्मा मानव संसाधन प्रमुख सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन साहस, अनुशासन और निस्वार्थ सेवा का अद्भुत उदाहरण है। इस अवसर ने उपस्थित सभी कर्मचारियों को नेताजी के आदर्शों को अपने व्यावसायिक एवं व्यक्तिगत जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया।

# अदाणी फाउंडेशन ने यातायात पुलिस के साथ मिलकर बांटे हेलमेट

नवभारत न्यूज

**सरई 23 जनवरी । सरई तहसील के सुलियरी क्षेत्र में 37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया।**

सड़क हादसों में कमी लाने और लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से परिसर के भीतर और आसपास जागरूकता मार्च निकाला गया। डोंगरी से झलरी और झलरी से अमरईखोह तक दो रैलियाँ निकाली गईं, जिनमें स्थानीय नागरिकों और कर्मचारियों की बड़ी संख्या में भागीदारी रही। कार्यक्रम की शुरुआत सुलियरी परिसर में




आयोजित विशाल रैली और शपथ ग्रहण से हुई। अधिकारियों, कर्मचारियों और ट्रक ड्राइवरों ने सड़क सुरक्षा की शपथ ली। हाथों में स्लोगन से भरी तख्तियां उठाए प्रतिभागियों ने सुरक्षित ड्राइविंग का संदेश दिया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और जिम्मेदार यातायात संस्कृति को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर अदाणी फाउंडेशन ने आसपास के गांवों के दोपहिया चालकों को 200 नि:शुल्क हेलमेट वितरित किए।

# काचन रिवर फ्रंट का एक बेहतरीन प्रस्ताव तैयार करें : गौरव

## कलेक्टर की अध्यक्षता में सीडा की बैठक आयोजित, बाईपास निर्माण सहित नगरीय क्षेत्र के विस्तार पर हुई चर्चा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 23 जनवरी । सिंगरौली विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित नगरीय विकास योजना अंतर्गत मास्टर प्लान के तहत किए जाने वाले नगर नियोजन के कार्यो को मूर्त रूप देने के साथ-साथ शहर को सुव्यवस्थित बनाने और आदर्श शहर के रूप में विकास करने के लिए कलेक्टर गौरव बैनल अध्यक्षता एवं सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह के उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई।**



बैठक में विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित योजना, जिनमें अटल आवास योजना बरगवां, प्राधिकरण प्लाजा, पंडित दीनदयाल आवासीय योजना पंजरेह के प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान में मास्टर प्लान 2031 की समीक्षा करते हुये कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मास्टर प्लान में प्रस्तावित बाईपास सड़क एवं प्राधिकरण द्वारा किए जाने वाले नवीन नगरीय विकास कार्यो का एलाईमेंट कर नगरीय क्षेत्र के समुचित विकास किए जाने के लिए योजना तैयार करें। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित विभाग आपस में समन्वय कर प्रीलीमनरी सर्वे कर बाईपास सड़क के समीप खाली भूमियों पर प्लांटिग किए जाने के लिए विस्तार पूर्वक प्लान तैयार करें। साथ ही बैठक में शहर को सुव्यवस्थित बनाने और आदर्श शहर के रूप में विकसित करने के लिए सीडा के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि तैयार किए जाने वाले कार्य योजना इस प्रकार तैयार करें कि शहर के विकास को गति मिल सके। काचन रिवर फ्रंट प्रस्तावित योजना के क्रियान्वयन की जानकारी लेने के पश्चात कहा कि यह एक बेहतरीन प्रस्ताव है, इस प्रस्ताव के माध्यम से न केवल नदी का जीर्णोद्धार होगा, बल्कि शहरवासियों को सुव्यवस्थित सांस्कृतिक एवं मनोरंजन का भी केन्द्र उपलब्ध हो सकेगा।